2007, and do proceed to elect, in such manner as the Chairman may direct, seven Members from among the Members of the House to serve on the said Committee."

The question was put and the motion was adopted.

Motion for Election to the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SURESH PACHOURI): Sir I move the following Motion:

"That this House resolves that the Rajya Sabha do join the Committee of both the Houses on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes for the term beginning on the 1st May, 2006, and ending on the 30th April, 2007, and do proceed to elect, in accordance with the system of proportional representation by means of single transferable vote, ten Members from among the Members of the House to serve on the said Committee."

The question was put and the motion was adopted.

Matters Raised with permission Naxalities' Movements in Chhattisgarh

श्री मूल चन्द मीणा (राजस्थान): उपसभापति महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य में कानून और व्यवस्था खत्म हो चुकी है, इसके बारे में मैं केन्द्रीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि उस राज्य पर नक्सलियों ने अपना कब्जा कर लिया है। अभी कल, 5 तारीख को रेलवे स्टेशन से 6 रेलवे कर्मचारियों को अगवा किया गया, रेल के इंजन में बम रखकर उसको विस्फोट से उड़ा दिया गया, मेन बिल्डिंग में बम रख दिया और रेल इंजन के ड्राइवर को अगवा कर लिया गया। यह तो पुलिस बता रही है। यह तो मैं पुलिस के मुताबिक बता रहा हूं, पुलिस यह कहती है कि रेल इंजन के ड्राइवर को ले गए, दो वायरलैस सैट भी ले गए और यह कल सुबह की घटना पुलिस अपने मुताबिक बता रही है। वहां पुलिस की कोई व्यवस्था ही नहीं है। उपसभापति महोदय, 28 तारीख को कुछ आदिवासी ट्रकों से जा रहे थे और नक्सलियों द्वारा घात लगा कर, सड़क पर बम रख उस ट्रक को उड़ा दिया गया। बम से मरने वालों की संख्या सात थी। लेकिन, उस दुर्घटना के समय ट्रकों में जाने वाले उन लोगों ने दो-दो थानों के अन्दर जाकर उनसे सुरक्षा मांगी थी। उन्होंने फोर्स मांगी थी कि हमें फोर्स दे दी जाए ताकि हम सुरक्षित जा सकें...(व्यवधान)...